>

Title: Need to accord financial approval for construction of roads in left wing extremism affected districts in Bihar.

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** मैं इस सदन का ध्यान सरकार की एल.डब्ल्यू.ई. फेस-2 योजना की ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा। गृह मंत्रालय ने देश के वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों को चिन्हित कर इस योजना के अंतर्गत इन जिलों में सड़कों के निर्माण का बीड़ा उठाया है। यह योजना वर्तमान में अनुमोदन हेतु वित्त मंत्रालय के अधीन एक्सपेंडिचर फिनान्स कमेटी के समक्ष लंबित है। इस योजना के संबंध में भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा योजना का प्रारूप भी वित्त मंत्रालय को भेजा जा चुका है।

बिहार राज्य के औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई, अरवल आदि जिलों का चयन इस योजना में किया गया है, किंतु वित्त मंत्रालय द्वारा स्वीकृति के अभाव में इन जिलों में सड़कों के निर्माण का कार्य बाधित हो रहा है।

मेरी सरकार से मांग है कि सरकार द्वारा इस योजना को वित्त मंत्रालय की एक्सपेंडिचर फिनान्स कमेटी से अनुमोदित करवाया जाए जिससे उग्रवाद प्रभावित इन जिलों में सड़कों के निर्माण का अवरूद्ध कार्य पुनः प्रारंभ हो सके एवं उग्रवाद की समस्या के निदान हेतु उपयोगी एवं प्रभावी कदम उठया जा सके।